



# गड्ढों में रोपा गया व्यंग्य, सड़क में उपजा जनाक्रोश

▸ जागो भारत जागो जागो मैहर जागो

नवभारत न्यूज

**मैहर 21 अगस्त, विकास के दावों की चकाचौंध जब दलदल में धँस जाती है तब जनता व्यंग्य को ही शस्त्र बना लेती है। मैहर की धरती पर आज ऐसा ही हुआ जब युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष दिलीप दुबे की अगुवाई में सैकड़ों गणमान्य नागरिक सड़क के गड्ढों में धान की रोपाई करने उतरे।**





उनके साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी भी खड़े हुए और यह संदेश सरकार को दिया कि सड़क का हर गड्ढा अब विकास की शवयात्रा का शंखनाद है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेश घई ने तीखे स्वर में कहा कि यह गड्ढे केवल मिट्टी की दरारें नहीं, बल्कि यह सत्ता की संवेदनहीनता के गहरे घाव हैं जो मैहर की भोलीभाली आम जन को सरकार दे रही है ।स्मार्ट सिटी का दम भरने वाली भाजपा को यह दृश्य आत्मचिंतन के लिए बाध्य करना चाहिए। यदि सड़कें दलदल हैं तो यह प्रदेश के भविष्य को गर्त में धकेलने जैसा है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने कहा कि सड़कें मात्र पथ नहीं यह प्रगति की नाड़ियों की तरह हैं। जब ये नाड़ियाँ ही अवरुद्ध हो जाएँ तो विकास का रक्तसंचार कैसे होगा? जनता अब इस छलावे को सहन नहीं करेगी। हमने गड्ढों में पौध रोपकर यह स्पष्ट कर दिया है कि हम मूक प्रजा नहीं जागृत नागरिक हैं। युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष दिलीप दुबे ने कहा कि

यदि सड़कें गड्ढों की शरणस्थली बनें तो हम गड्ढों को ही खेत मान लेंगे और वहाँ धान उगा देंगे। यह आंदोलन हमारी विवशता नहीं यह हमारी चेतावनी है। सत्ता चाहे जितना मौन साधे पर यह दलदल उसका चेहरा उजागर करता रहेगा। हाथों में पौधे थामे नागरिकों ने सामूहिक स्वर में उद्घोष किया. जागो भारत जागो, जागो मैहर जागो, गड्ढों से पूछो विकास कहाँ सो गया?

यह व्यंग्यात्मक आंदोलन प्रशासन की पर प्रश्नचिह्न है और यह है कि अब जनता चुप नहीं बैठेगी।



# रामनगर नगर परिषद के कर्मचारी लंबित वेतन और शोषण के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे

नवभारत न्यूज

**रामनगर 21 अगस्त, मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर परिषद रामनगर के कर्मचारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के कथित शोषण और लंबित वेतन के मुद्दे पर गुरुवार से थानेश्वर मंदिर परिसर में आमरण अनशन शुरू कर दिया।**

कर्मचारियों का आरोप है कि कांग्रेस शासित नगर परिषद के अध्यक्ष के नेतृत्व में भी उनकी मांगों को अनसुना किया जा रहा है, जिससे उनके परिवार आर्थिक संकट और शोषण के शिकार हो रहे हैं। दैनिक वेतन भोगी और स्थायी कर्मचारियों का कहना है कि नियमित उपस्थिति के बावजूद उनके वेतन में अनुचित कटौती की जा रही है। कुछ कर्मचारियों का वेतन पूरी तरह रोक दिया गया है, जिससे उनके बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। लंबित एरियर्स, महंगाई भत्ता, एनपीएस, और ईपीएफओ खातों में राशि जमा न होने से कर्मचारी हतास हैं। कर्मचारियों ने बताया कि कई बार लिखित और मौखिक निवेदन के बावजूद न तो मुख्य नगर पालिका अधिकारी और न ही कांग्रेस के नगर परिषद अध्यक्ष ने कोई ठोस कार्रवाई की। कर्मचारियों का गुस्सा इस बात पर भी है कि कांग्रेस, जो अक्सर श्रमिक हितों की बात करती है, उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है। एक कर्मचारी ने भावुक होकर कहा, 卐हम दिन-रात मेहनत करते हैं, फिर भी हमारा शोषण हो रहा है। कांग्रेस का अध्यक्ष होने के बावजूद हमें न्याय नहीं मिल रहा। मांगों में लंबित वेतन, कटौती राशि का भुगतान, आयुक्त इंदौर द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार एरियर्स, एनपीएस और ईपीएफओ में बकाया राशि जमा करना और स्थायी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में वृद्धि शामिल है। आंदोलन से नगर परिषद के कार्य ठप हो गए हैं, और शहर में सफाई व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने कर्मचारियों के समर्थन में आवाज उठाई है, जबकि प्रशासन और कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल उठ रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा, 卐शोषण और अन्याय के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन और नगर परिषद अध्यक्ष की होगी।

# मैहर में खिलौने के विवाद पर खूनी संघर्ष, पिता-पुत्री घायल

नवभारत न्यूज

**मैहर 21 अगस्त, बच्चों के बीच हुए छोटे से खिलौने के विवाद ने गुरुवार की रात खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। मामला मैहर थाना क्षेत्र के मानपुर का है, जहाँ दो परिवार आमने-सामने आ गए।**



जानकारी के अनुसार, रमेश कोल (50) और सूरज कोल (50) पड़ोसी हैं। गुरुवार रात करीब 8 बजे उनके नाती घर के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चों के बीच खिलौने को लेकर झगड़ा हुआ। रमेश कोल ने सूरज कोल के नाती को डांट दिया, जिससे विवाद बढ़ गया। इसी दौरान सूरज कोल की बेटी रूपा कोल ने डंडे से रमेश कोल के सिर पर कई वार कर दिए। बीच बचाव करने पहुँची बेला कोल को भी पीटा गया। घटना में रमेश कोल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बेला कोल भी घायल हुईं। दोनों को मैहर सिविल अस्पताल लाया गया। यहाँ डॉक्टर राहुल द्विवेदी ने रमेश कोल की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

इसी बीच अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध न होने पर परिजनों ने अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह को सूचना दी। उन्होंने तत्काल प्राइवेट एंबुलेंस की व्यवस्था कर रमेश को सतना जिला अस्पताल भेजवाया। वहीं, बेला कोल का इलाज मैहर में जारी है।

# खुद की जान बची तो दूसरों को बचाने का बीड़ा उठाया

नवभारत न्यूज

**नागौद 21 अगस्त, सड़क पर चलने वाले वर्तमान में दो चीजों से परेशान हैं एक तो आवारा गौवंश दूसरा अचानक आने वाले गड्ढे।**



नागौद तहसील के ग्राम इटमा दुबारी निवासी राहुल वर्मा जो वकालत की पढ़ाई कर रहे हैं सतना जाते वक्त नागौद की बल्लदहार पुल के पहले सड़क के गड्ढे में उनकी बाइक अनियंत्रित हुई और हेलमेट की वजह से वो बाल बाल बचे। उन्होंने तत्काल अपने मित्रों भूपेंद्र वर्मा,विक्रम चौधरी, अमन चौधरी को गड्ढे की हकीकत बताई और वो अपने साथ तसला फावड़ा लेकर आए और देखते ही देखते गड्ढे को भर दिया गया। सड़कों के इन गड्ढों की वजह से आए दिन कोई न कोई एक्सीडेंट होते ही रहते हैं जिसपर राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण की उदासीनता के चलते किसी न किसी परिवार का सदस्य असामयिक मौत के घाट उतर जाता है या गंभीर रूप से घायल हो जाता है। ऐसे में राहुल जैसे युवा जो दूसरों की जान बचाने के लिए समाजसेवा करते हैं वह अनुकरणीय है। राहुल वर्मा से हमारे संवाददाता ने बात की तो उन्होंने कहा कि अगर किसी की जिंदगी मेरी वजह से बचती है तो यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है और मैं आगे भी ऐसे जनहित के कार्य अपनी टीम के साथ करता रहूंगा।

# 40वें नेत्रदान पखवाड़े की तैयारियों को लेकर सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में बैठक हुई

## समाज में नेत्रदान को लेकर फैली गलत भ्रांतियों को दूर करने और लोगों में जागरूकता लाने पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 21 अगस्त, सदगुरू नेत्र चिकित्सालय द्वारा हर वर्ष की भांति 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसमें नेत्रदान के लिए लोगों को तरह तरह के कार्यक्रम, प्रतियोगिता आयोजित कर जागरूक करने का काम किया जाता है।**



इस बर्ष 40 वा नेत्रदान पखवाड़े का शुभारंभ भी 25 अगस्त से होगा जिसको लेकर सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के निदेशक पद्मश्री डॉ बी के जैन चिकित्सालय की टीम के साथ बैठकर नेत्रदान पखवाड़े की तैयारियों पर जानकारी लिया और विस्तृत चर्चा किया कि किस तरह से समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता लाई जाए, समाज के लोगों में नेत्रदान के प्रति तमाम तरह की गलत भ्रांतियां बनी हुई इन गलत भ्रांतियों को कैसे दूर करके जागरूकता लाने का काम किया जाय। क्यों कि मरणोपरांत एक आदमी के नेत्रदान से दो लोगों की जिंदगी में उजाला आ जाता है दो लोग दुनिया देख सकते है मृत्यु के बाद परमात्मा की दी हुई दो सिंदर अनमोल आंखे जलकर राख हो जाती है, अगर यही आंखे दान कर दी जाय तो दो अंधे लोगों की जिंदगी में रोशनी आ जाय।साथ ही नेत्रदान पाखवाड़े में अलग अलग दिनों में अलग अलग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के डॉ जैन ने दिशा निर्देश दिया, जिसमे नेत्र दान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए नेत्रदान जागरूकता रैली,मूवी रिलीज, नाव रेस,नुक्कड़ नाटक,हस्ताक्षर अभियान,विद्यालयों में भाषण एवम् पोस्टर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर कार्निया डिपार्टमेंट के एच ओ डी डॉ गौतम सिंह परमार,सीनियर एच आर देवेंद्र सिंह, एच आर सुबीश जी, रामकरण त्रिपाठी, विजय सिंह,अनिल द्विवेदी ,बालकिशोर शुक्ला सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन

▸ आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रो. वी के अग्रवाल रहे मुख्य अतिथि, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा ने की अध्यक्षता

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 21 अगस्त । आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के बाल्मीकि सभागार में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उदघाटन हुआ। आर के डी एफ विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरु प्रो. वी के अग्रवाल उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि रहे ।महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा ने अध्यक्षता की।**



युवा शोधकर्ताओं के बीच नवाचार को प्रोत्साहित करने हेतु बौद्धिक सम्पदा अधिकार इस राष्ट्रीय कार्यशाला का विषय रहा। यह कार्यशाला 21 और 22 अगस्त 2025 तक संपन्न होगी। कार्यशाला ऊर्जा और पर्यावरण विभाग , विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का संयोजन प्रो घनश्याम गुप्ता कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्य व्याख्यान देते हुए आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी भोपाल के कुलगुरु प्रो वी के अग्रवाल ने शोध में नवाचार के महत्व और उसकी वैश्विक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय व्याख्यान में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे शोध नवाचारों की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयास को बताया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा किए गए दीप प्रज्वलन से हुआ। विज्ञान और पर्यावरण संकाय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों के वैशिष्ट्य परिचय कराते हुए कार्यशाला संयोजक प्रो घनश्याम गुप्ता ने कार्यशाला के उद्देश्य, औचित्य और रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कार्यशाला संपादित करने के लिए वित्तीय सहायता मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा दी गई है। परंपरागत अतिथि स्वागत संकाय शिक्षको ने किया। उद्घाटन सत्र का संचालन विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.ललित कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यशाला में बाहर से पधारे अतिथियो, विश्वविद्यालय के प्राध्यापको छात्रों एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली संस्था मध्यप्रदेश विज्ञान एवं तकनीकी परिषद भोपाल के प्रति धन्यवाद ज्ञापन विज्ञान और पर्यावरण संकाय के अधिष्ठाता प्रो सूर्य कांत चतुर्वेदी ने किया। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी ने की। सत्र प्रतिवेदक डॉ एस एस गौतम रहे।

बुंदेलखंड कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा के प्रो अरबिंद कुमार गुप्ता, नवयुग कन्या स्नातकोत्तर विद्यालय लखनऊ की प्रो सुषमा त्रिवेदी ,आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी भोपाल के कुलगुरु प्रो वी के अग्रवाल आदि प्रमुख विद्वानों ने आमंत्रित शोध व्याख्यान दिए। इस अवसर पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कृषि विकास समिति एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**मैहर 21 अगस्त, मध्य प्रदेश विधानसभा कृषि विकास समिति कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई .**




जिसमें मुख्य रूप से सभापति मध्य प्रदेश विधानसभा कृषि विकास समिति दिलीप सिह परिहार ,सुनील कुमार तिवारी , विधायक पनागर वीरेंद्र प्रजापति विधायक मझगवां रीवा संतोष वरकडे विधायक सीहोरा जबलपुर भैरव सिह विधायक सुसनेर आगर मालवा श्रीकांत चतुर्वेदी विधायक मैहर, अरविद शर्मा, सचिव मध्य प्रदेश विधानसभा महावीर सिह सूचना अधिकारी मध्य प्रदेश विधानसभा एवं मैहर कलेक्टर रानी बाटड़, पुलिस अधीक्षक संयुक्त संचालक कृषि विभाग संभाग संयुक्त संचालक मंडी रीवा संभाग उपसंचालक आधुनिक की एवं खाद्य प्रसारण विभाग अनुविभागी अधिकारी वन विभाग कार्यपालन यांत्रिक ऊर्जा विभाग कार्य पालन अभियांत्रिकी जल संसाधन विभाग उप संचालक कृषि विभाग उपायुक्त सहकारिता विभाग उप संचालक पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग एवं सभी विभागों के अधिकारी मैहर से डिप्टी कलेक्टर शैलेंद्र सिह ,मैहर एसडीएम दिव्या पटेल, तहसीलदार जितेंद्र पटेल मौजूद रहे।

इस बैठक में मध्य प्रदेश विधानसभा की मैहर जिले में प्रथम बैठक है जिसमें सभी विभागों की समीक्षा बैठक की गई।

# पुरोहित पं . रामनिवास मिश्रा को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र दिये जाने का ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 21 अगस्त, मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ निवासी पुरोहित पं. राम निवास मिश्रा को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र जाने ग्राम पंचायत रामगढ़ ने सर्वसम्मति प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत सरकार एवं प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को प्रेषित किया है।**

विदित हो कि श्री मिश्रा मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रशिक्षित जनस्वास्थ्य रक्षक हैं तथा श्री मिश्रा द्वारा नशा मुक्ति के लिए जगह-जगह ,जन-जन तक प्रचार प्रसार का अथक प्रयास निरंतर किया जा रहा है। साथ ही शराब पैकारी का खुलकर विरोध विगत वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। श्री मिश्रा के नशामुक्ति अभियान के कारण काफी लोग जागरूक हुए हैं। जिस पर ज्योति गुप्ता सरपंच ग्राम पंचायत रामगढ़ के द्वारा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत सरकार,मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव भोपाल को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र दिये जाने का पत्र लेखकर भेजा गया है। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमरपाटन को भी पत्र भेजा गया है। श्री मिश्रा के द्वारा हर समाज के गरीब, असहाय,लाचार,बेबस लोगों के हित के लिए यथासंभव प्रयास भी किया जा रहा है।साथ ही क्षेत्र में हो रहे शासकीय भूमियों पर हो रहे अत्याधिक अतिक्रमण का भी विरोध किया जा रहा है।

# मझगवां सीएससी में घोर लापरवाही

**मझगवां 21 अगस्त,** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में दवा वितरण ?केंद्र का कर्मचारी शिवनंदन प्रजापति मरीजों दवा वितरण में घोर लापरवाही करता है दूसरे के पर्चे की दवा दूसरे को दे देता है यदि कोई मरीज इतराए करता है तो उसके साथ बदतमीजी करता है ? जब कोई उससे बात करता है तो बोलता है कि तूने मुझे पर्चा नहीं दिया क्योंकि वह दूसरे को दे देता है। क्षेत्र की जनता दवाई वितरण केंद्र के कर्मचारी शिवनंदन प्रजापति से बहुत परेशान है दूसरी मीटिंग ओटीपी नहीं खोलता क्योंकि यह सतना चल जाता है. जिसके कारण 5 से 6 बजे ओटीपी बंद रहती है।

# मूर्ति खंडित करने के 2 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**मैहर 21 अगस्त, कोतवाली मैहर थाना अंतर्गत भगवान नंदी की मूर्ति खंडित करने वाले दो आरोपियों को तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है।**

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी द्वारा कार्यवाही की घोषणा पुलिस के अनुसार दिनांक 18/8/25 को संकुटा तालाब के किनारे बने शिव मंदिर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नंदी भगवान की मूर्ति खंडित की गई थी जिसमें कोतवाली पुलिस के द्वारा बीएनएस की विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल द्वारा अज्ञात आरोपियों की तलाश एवम शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी मैहर निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम के द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए घटना स्थल के आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ के आधार पर दिनांक 18/08/25 को आरोपी मो. इसराइल उर्फ इस्सी पिता शेख नत्थू 36 वर्ष निवासी चिकान मोहल्ला मैहर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जिसके द्वारा अपने साथी नावेद अहमद के साथ संकुटा तालाब के पास बैठकर शराब पीना एवम नशे में नंदी भगवान की मूर्ति खंडित करना बताया। आरोपी मो. इसराइल उर्फ इस्सी को दिनांक 18/08/25 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अन्य फरार आरोपी नावेद पिता जुबेर अहमद उम्र 23 साल निवासी पुरानी बस्ती मैहर को आज दिनांक 21/08/25 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।



# स्वच्छ वातावरण एवं स्वच्छ पर्यावरण के लक्ष्य को लेकर किया वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज

**नागौद 21 अगस्त, आज नागौद की सामाजिक संस्था मां लक्ष्मी सेवा समिति द्वारा स्वच्छ वातावरण एवं स्वच्छ पर्यावरण और पेड़ लगाओ जीवन बचाओ, हम सब मिलकर पेड़ लगाए पर्यावरण को सुंदर बनाएं इसी लक्ष्य के साथ वृक्षारोपण किया गया।**

कार्यक्रम में समाजसेवी महिलाएं प्रतिष्ठित परिवार से श्रीमती रंजना सिंह बघेल, श्रीमती शशि सिह परिहार डायरेक्टर स्वामी विवेकानंद विद्यालय नागौद तथा नागौद की वरिष्ठ समाज सेविका जो सामाजिक क्षेत्र के साथ राजनीतिक क्षेत्र में अलग पहचान बनाए हुये हैं ऐसी श्रीमती सरोज गूजर ,श्रीमती काया धनवानी समाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में सहयोग प्रदान करने वाली श्रीमती भक्ति रेयानी, श्रीमती रेखा गुप्ता ?,श्रीमती ममता शुक्ला , श्रीमती अलका तिवारी , श्रीमती अर्चना सिंह , श्रीमती योजना सिंह, श्रीमती सुमन खटीक, श्रीमती रेखा आदि ने कार्यक्रम शामिल होकर स्वच्छ वातावरण एवं स्वच्छ पर्यावरण निर्माण का ल संकल्प लिया।



बिरहुली में युवकों ने किया पौधरोपण

# पर्यावरणीय स्वीकृति : अनापत्ति की जगह आपत्ति ही आपत्ति

## पहले से संचालित क्रेशर से जन जीवन अस्त-व्यस्त, दूसरे की स्वीकृति का ग्रामीणों ने किया पुरजोर विरोध





नवभारत न्यूज

**बरौंधा 21 अगस्त, मेसर्स चित्रकूट क्रशिंग कार्पोरेशन खेरवा स्टोन माइन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृत हेतु लोक सुनवाई मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड सतना की तरफ से आयोजित की गई थी। जन सुनवाई में ग्रामीणों ने खदान आवंटन पर आपत्ति जताई और केशर प्लांट का विरोध किया।**

मौजूद ग्रामीण और कृषकों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और जिला प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी की मौजूदगी में अपनी आपबीती सुनाई और गुहार लगाया कि अब और क्रेशर हम पर जबरदस्ती ना थोपा जाए।

### वायु प्रदूषण के कारण आपत्ति

वहां के स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि जब क्रेशर वाले पत्थर पीसते है तब धूल के गुब्बार से आसमान काला पड़ जाता है जिससे हम रहवासियों को सांस लेना दुर्लभ हो गया है। इस प्रदूषण से हमे दमा, श्वास, टीबी जैसे गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है।

**हैवी ब्लास्टिंग के कारण आपत्ति-** पत्थर निकालने के लिए केशर संचालक द्वारा हैवी ब्लास्टिंग करवाई जाती है जिसके कारण क्रेशर प्लांट के अगल-बगल के खेत और घरों में 20- 20 किलो के पत्थर आसमान से उड़ते हुए गिरते हैं, जिसमें जान माल का खतरा हमेशा बना रहता है।

**क्रेशर के कारण पानी की भीषण समस्या का सामना, जिसके कारण आपत्ति-** क्रेशर संचालक द्वारा हैवी ब्लास्टिंग के साथ पोकलैंड जैसी हैवी मशीनों के द्वारा करीब 300 से 500 फिट गहराई तक खुदाई का कार्य किया गया जिसके कारण वहां पानी के सभी श्रोत खुल गए। जिससे कारण अगल बगल के कुआं- बावड़ी, नल, पनघट सब जनवरी-फरवरी मे ही सूख जाते हैं और पानी देना बंद कर देते हैं। तब ग्रामीण पानी के लिए बैलगाड़ियों में करीब 2-4 किलोमीटर दूर से जीवन यापन के लिए पानी लेने जाते है।

**कृषकों की फसल नष्ट होने के कारण आपत्ति-** क्रेशर प्लांट के अगल बगल करीब 300 बीघा जमीनें है जिनमें बोई फसलों व उनके फूलों पर क्रेशर से उड़ती धूल व डस्ट प्रभावी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। जिससे पैदावारी न के बराबर होती है जिससे उन किसानों के परिवार का जीवन यापन खतरे मे पड़ गया है।

### इनका कहना है




हैवी ब्लास्टिंग और उड़ने वाले डस्ट से हम डर के साए मे जीवन जी रहे हैं।

**राजकुमार सोनी, ग्रामीण**



आए दिन हैवी ब्लास्टिंग से हम लोगों के घर व खेत मे लगातार पत्थरों की बौछार होती रहती है, जिससे जान जोखिम भरा है। खदान की गहराई इतनी की अगल बगल के कुआं, नल सब जनवरी-फरवरी में ही सूख जाते हैं।

**लवलेश यादव, ग्रामीण**



आज हमने मौका मुआयना किया है, हल्का पटवारी से सारी रिपोर्ट मंगवाई है, मुख्य मुद्दे सभी ग्रामीण पीड़ितों के सुन लिया गया है। नई खदान के लिए जन सुनवाई के लिए आए थे लेकिन पुरानी खदान से हुई समस्याओं को लेकर ग्रामीणों को उचित न्याय देने का कार्य किया जाएगा।

**आईएएस महिपाल सिंह गुर्जर
एसडीएम मझगवां**